EDII

Media Release

ईडीआईआई और गुजरात सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने स्टूडेंट एंटरप्रेन्योरशिप पॉलिसी के तहत 136 युवाओं को अनुदान प्रदान किया

अहमदाबाद, 12 मार्च, 2024- गुजरात सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) के सहयोग से मंगलवार को ईडीआईआई के परिसर में स्टूडेंट एंटरप्रेन्योरशिप पॉलिसी के तहत 136 छात्रों को स्टार्टअप अनुदान प्रदान किया। इसके तहत कॉलेज के छात्रों के 136 नवीन विचारों को उनके स्टार्टअप विचारों को प्रोत्साहित करने और समर्थन देने के लिए 40,000 रुपए की वित्तीय सहायता देकर भी सम्मानित किया गया।

चयन ऐसे 838 छात्रों में से किया गया था, जिन्हें मुख्य रूप से उनके कॉलेज के संकाय सदस्यों द्वारा प्रशिक्षित किया। इसके बाद उन्हें ईडीआईआई द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस उद्देश्य के लिए कुल 426 संकाय सदस्यों को 10 से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया। 460 छात्रों (अब तक) को संकाय सदस्यों द्वारा नामांकित किया गया था, फिर उनके विचारों को और परिष्कृत किया गया। उन्हें ईडीआईआई संकाय सदस्य, मेजबान संस्थान के प्रिंसिपल/नोडल अधिकारी, आई-हब के एक विशेषज्ञ और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के एक चयनित पैनल के सामने अपने विचारों को रखने के लिए प्रशिक्षित किया गया था। कुल 460 बिजनेस आइडिया प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 136 को छात्र उद्यमिता नीति के तहत अनुदान के लिए चुना गया।

अनुदान प्रदान करने के अवसर पर आयोजित समारोह में अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। इनमें गुजरात सरकार के माननीय राज्य मंत्री, संसदीय कार्य, प्राथमिक, माध्यमिक और वयस्क शिक्षा, उच्च शिक्षा श्री प्रफुल्ल पंशेरिया। समारोह में श्री वदन सिंह बोडाना, अतिरिक्त निदेशक, उच्च शिक्षा, गुजरात सरकार और डॉ. सत्य रंजन आचार्य, निदेशक, उद्यमिता शिक्षा विभाग, ईडीआईआई भी उपस्थित थे।

गुजरात सरकार द्वारा परिकल्पित स्टूडेंट एंटरप्रेन्योरशिप पॉलिसी का उद्देश्य सरकारी और गैर-सरकारी कला, विज्ञान, वाणिज्य, बीएड, लॉ कॉलेजों और ग्राम्य विद्यापीठ में पढ़ने वाले छात्रों के बीच शिक्षा के साथ-साथ उद्यमिता को बढ़ावा देना और ऐसे विचारों को विकसित करना है।

छात्रों को बधाई देते हुए, श्री प्रफुल्ल पंशेरिया ने कहा, "राज्य में छात्रों द्वारा नौकरी तलाशने की मानसिकता से मुक्त होकर इनोवेटिव कदम उठाने और अपना एक स्थायी स्टार्टअप शुरू करने के कई उदाहरण मिलते हैं। आज 136 छात्र छात्र उद्यमिता नीति के तत्वावधान में अपनी उद्यमशीलता यात्रा शुरू कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि इन 136 छात्रों ने अलग सोचने का फैसला किया है। मैं उन्हें आश्वस्त करता हूं कि उनका निर्णय आने वाले समय में लाभदायक साबित होगा। मुझे यकीन है कि यह अनुदान प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा और आप सभी उज्ज्वल होकर चमकेंगे।"

ईडीआईआई ने नवंबर 2023 में उच्च शिक्षा विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। संस्थान नीति को लागू करके और संसाधन व्यक्तियों (उद्यमिता-संबंधी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए

संकाय सलाहकार) का एक कैडर तैयार करके, छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित करके शिक्षा विभाग को सहायता प्रदान करता है। इस दौरान छात्रों को अपने उद्यम स्थापित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

About Entrepreneurship Development Institute of India (EDII)

EDII Ahmedabad was set up in 1983 with the support of apex financial institutions – the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and State Bank of India (SBI). It is a National Resource Institute in the field of entrepreneurship education, research, policy advocacy, training, inclusive growth, startups & MSMEs training and institution-building. It has a global, as well as PAN India presence. EDII is ranked as Number 1 by Atal Ranking of Institutions on Innovation Achievements (ARIIA) – 2021 in General (Non-Technical) Category. The autonomous and not-for-profit institute, works towards building entrepreneurship, startups and fostering innovations across all sectors and sections of people. The 40-year old institute is recognised as a Centre of Excellence by the Ministry of Skill Development and 79% of its alumni are business owners. For more information visit: www.ediindia.org

For more details, contact:

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727
Hiral Oza, Adfactors PR: 7043901987